तापमान
अधिकतम 29 डिग्री
न्यूनतम 18 डिग्री

हरिभूमि
# धमतरी भूमि
रायपुर, मंगलवार 9 जनवरी 2024

कुरूद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड

11 मृत लोगों के नाम भी आवास प्लस हितग्राहियों की सूची में, मचा...


12 अंतरमहाविद्यालयीन कराते में लड़कियों ने दिखाया जौहर


## खबर संक्षेप

### पीपरछेड़ी में आज मड़ई

**पुरी।** ग्राम पीपरछेड़ी में ग्रामवासियों के सहयोग से 9 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में मनोरंजन के लिए होचेटोला का छत्तीसगढ़ी नाचा रखा गया है। कार्यक्रम की तैयारी में सरपंच प्रतिनिधि भागीराम निर्मलकर, कृष्णा, बहार कुमार साहू, चन्द्रहास साहू, बलराम बंजारे, कमल सार्वा, जागेश्वर साहू, रेखराम साहू जुटे हैं।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक कल

**जीजामगांव।** पेंशनर्स एसोसिएशन तहसील इकाई भखारा की मासिक बैठक 10 जनवरी बुधवार को दोपहर 1 बजे से आयोजित की जाएगी जिसमें नये सदस्यों एवं जन्मदिन वालों का सम्मान, स्थापना दिवस समारोह के आय-व्यय की जानकारी तथा अन्य विषयों पर चर्चा की जाएगी।

### झुरानवागांव में संगीतमय रामकथा 10 से



**कुरूद।** ग्रामवासियों एवं नव युवा विवेकानंद समिति के तत्वावधान में ग्राम झुरानवागांव में 10, 11, 12 जनवरी को संगीतमय रामकथा का आयोजन किया गया है। कथावाचक राजीव लोचनदास चित्रकूट उत्तरप्रदेश होंगे। कथा का समय सुबह 10 से दोपहर 1 बजे है। कार्यक्रम की तैयारी में फलेंद्र, नरेन्द्र, गौकरण, टेकराम, डोमन आदि जुटे हैं।

### बाजार कुर्रीडीह में 10 को होगी मड़ई

**कुकरेल(धमतरी)।** ग्राम बाजार कुर्रीडीह में 10 जनवरी बुधवार को मड़ई होगी। रात्रि में मनोरंजन के लिए छत्तीसगढ़ी लोक सांस्कृतिक कार्यक्रम बालोद खलारी पूजा के फूल की प्रस्तुति होगी। यह जानकारी गजानंद मरकाम, दिवस कोर्राम, केवल नेताम, परस मरकाम, महेन्द्र सलाम, नरेश मरकाम, भुवन नेताम, गिरवर नागवंशी, रोशन सलाम, मंगेश नेताम, गजराज मरकाम ने दी है।

### सिवनी बाजार में मड़ई 12 जनवरी को

**कुरूद।** ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम सिवनी बाजार में मड़ई का आयोजन 12 जनवरी शुक्रवार को किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिये छाया चन्द्राकर का कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम की तैयारी में कुंवरसिंग, तुलसी, श्याम, भोज पटेल, मनी साहू जुटे हैं।

### चंद्रसूर (बुड़ेनी) में मड़ई मेला 12 को

**मगरलोड।** मगरलोड ब्लॉक के ग्राम चंद्रसूर (बुड़ेनी) में ग्रामवासियों के सहयोग से 12 जनवरी को मड़ई मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए रंग संध्या छत्तीसगढ़ी कला नाच पार्टी का कार्यक्रम होगा। आयोजन की तैयारी में ग्राम विकास समिति एवं मोर संगवारी नवयुवक ग्रुप के अध्यक्ष ज्ञानचंद यादव, उपाध्यक्ष रामकुमार साहू, कोषाध्यक्ष गंगाराम निषाद, सचिव कुंदन निषाद आदि जुटे हुए हैं। यह जानकारी मोर संगवारी ग्रुप के संरक्षक देवचरण साहू ने दी है।

### भैंसबोड़ में मड़ई मेला 30 को

**अंवरी।** ग्राम भैंसबोड़ में ग्रामवासियों के सहयोग से मड़ई मेला का आयोजन 30 जनवरी को किया जा रहा है। रात्रिकालीन मनोरंजन के लिए गोपाल बलराम छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी निपानी जिला बालोद का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी दिलीप साहू सरपंच प्रतिनिधि ने दी है।

जिले भर के दर्जनों गांव से पहुंचा महिलाओं का हुजूम, लोकसभा चुनाव के बहिष्कार की दी चेतावनी

# आवासमय हुआ कलेक्टर का पहला जनदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

महीनों बाद कलेक्टर जनदर्शन में सोमवार को फरियादियों की भीड़ उमड़ी। जिले के विभिन्न गांवों से पहुंची महिलाओं ने प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाने की आवाज बुलंद की। ग्राम बेलौदी की महिलाओं ने पीएम आवास का लाभ नहीं मिलने पर लोकसभा चुनाव में वोट नहीं करने की चेतावनी दी है।

विधानसभा चुनाव के लिए आचार संहिता हटने के बाद यह पहला कलेक्टर जनदर्शन है। इससे जिला कार्यालय परिसर में मेला सा माहौल रहा। अधिकांश फरियादियों में महिलाओं का समूह पीएम आवास की मांग के आवेदन लेकर कतार में खड़ा रहा। मगरलोड ब्लाक के ग्राम बेलौदी से पहुंची महिला लक्ष्मी साहू, सीता साहू, राखी साहू, कामती साहू, जगेश्वरी, लुकेश्वरी सहित तीन दर्जन से अधिक महिलाओं ने बताया कि गांव में पात्र लोगों को आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। कई बार पंचायत से लेकर कलेक्टर तक आवेदन कर चुके हैं। उन्होंने कहा कि अगर इस बार उनका नाम पात्र सूची में शामिल नहीं किया गया तो वे लोकसभा चुनाव में वोट डालने नहीं जाएंगे। बताया गया है कि बेलौदी में दो साल पहले मात्र तीन लोगों को आवास योजना का लाभ मिला है। इसके बाद गांव में किसी को भी आवास योजना का लाभ नहीं मिल पाया है।



बेलौदी



चिंवरी



सेनचुवा

### समय से पहले समाप्त हो गई ग्रामसभा

कुरूद ब्लाक के ग्राम चिंवरी से बड़ी संख्या में महिलाएं कलेक्टोरेट पहुंचीं। सभी महिलाएं आवास योजना का लाभ दिलाने अलग-अलग आवेदन लेकर कतार में खड़ी रहीं। आवेदक संतोषी, ललिता, गीता तारक, कल्याणी, मोनिका, बिंदू साहू, इंद्राणी, सरोजनी, शशि, सरस्वती, हेमलता आदि ने बताया कि वे आज भी खपरैल वाले कच्चे मकान में रहती हैं। बारिश में रतजगा करना पड़ता है। पिछले पांच साल से आवास योजना की राह देख रही हैं। विगत दिनों आवास को लेकर सरपंच ने ग्राम सभा की बैठक बुलाई थी, जिसे समय से पहले समाप्त कर दी गई। गांव में ऐसे लोगों को अलग-अलग आवास मिल रहा है जिसमें मां और बेटा, बाप और बेटा शामिल हैं।

### रोजगार सहायिका के खिलाफ आक्रोश

ग्राम सेनचुवा से पहुंची महिला राजरानी, चमेली, अनुराधा, सरस्वती, पुष्पा, नेहा, उषा, उर्वशी, सोहद्रा, आनंदराम, हेमंत चंद्राकर ने बताया कि वर्ष 2016-17 की ग्रामसभा में पीएम आवास के लिए अनुमोदन किया गया था जिसमें 72 हितग्राहियों का नाम था। रोजगार सहायिका एवं पूर्व सचिव द्वारा 70 प्रतिशत हितग्राहियों का नाम निरस्त कर दिया गया। सर्वे सूची में जिनका नाम नहीं है, उसे आवास योजना का लाभ दिया जा रहा है। उन्होंने सर्वे सूची के आधार पर योजना का लाभ देने की मांग करते हुए रोजगार सहायिका को पद से हटाने की गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने रोजगार सहायिका को पद से नहीं हटाने पर ग्राम पंचायत के सामने अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। इसी तरह चारों ब्लाक से पीएम आवास के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचने से जिला कार्यालय परिसर आवासमय हो गया था।

### सर्वे सूची में नाम फिर भी आवास नहीं

मगरलोड के ग्राम तेंदूभाठा से पहुंची महिला द्रोपदी, पुष्पलता, यमुनाबाई, खेमिनबाई, बिसाहिन, लता ने बताया कि 35-40 महिलाएं गाड़ी किराया कर कलेक्टोरेट पहुंची हैं। सर्वे सूची में नाम होने के बाद भी आवास के लिए उनका नाम नहीं आया है। बल्कि जिनका सर्वे सूची में नाम नहीं है, उन्हें आवास योजना का लाभ मिल रहा है। ऐसे भी परिवार हैं जिन्हें पूर्व में आवास का लाभ मिल चुका है। उन्हें पुनः आवास देने के लिए उनका नाम शामिल किया गया है।

### स्टेशनपारा के लोगों की चिंता बढ़ी पहुंचे कलेक्टोरेट

प्रदेश कांग्रेस झुग्गी झोपड़ी के उपाध्यक्ष एवं पार्षद अवैश हाशमी के नेतृत्व में स्टेशनपारावासी कलेक्टोरेट पहुंचे। कलेक्टर के नाम ज्ञापन में कहा कि रेलवे का काम तेजी से चल रहा है। कब्जा हटाने से वे बेघर बार हो जाएंगे। महिमासागर वार्ड में बनाए जा रहे पीएम आवास को जल्द पूर्ण कराया जाए ताकि 80 परिवारों को शिफ्ट किया जा सके। वहीं 207 परिवार के लिए आवास तैयार किया जाए। आवास बनने से पहले व्यवस्थापन की मांग की गई है।

# छोटी-छोटी अनदेखी के कारण बड़ी समस्याओं से जूझ रहा शहर

- चेम्बर ऑफ कामर्स ने कलेक्टर से मिलकर धमतरी के हित के मुद्दे रखे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

अनदेखी के चलते धमतरी कई समस्याओं से जूझ रहा है। चेम्बर ऑफ कामर्स के नये पदाधिकारियों ने कलेक्टर से मिलकर इन समस्याओं से अवगत कराया। शहर की कई सड़कों के निर्माण सहित बाईपास को शीघ्र खुलवाने की मांग की है।

चेम्बर ऑफ कामर्स के नये पदाधिकारियों ने सोमवार को कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी से मुलाकात की और धमतरी में व्याप्त समस्याओं से अवगत कराया। उन्होंने बताया कि बाईपास बनकर तैयार है। सिर्फ एक हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग नहीं की गई है। इसी समस्या के चलते आज तक बाईपास को पूरी तरह से नहीं खोला गया है। इस मार्ग से ज्यादा उंची गाड़ियां नहीं गुजर पा रही हैं। बाईपास को सिर्फ एक साइड से खोला गया है। दूसरी साइड को बंद कर दिया गया है। इससे शहर पर ट्रैफिक का लोड कम नहीं पा रहा है। उन्होंने बाईपास में हाईटेंशन लाइन की शिफ्टिंग शीघ्र कर बाईपास को पूरी तरह से खुलवाने की मांग की है। शहर के भीतर से गुजरने वाला नेशनल हाईवे जर्जर हो गया है। इसके नवनिर्माण का आदेश हो गया है परंतु अभी तक काम शुरू नहीं हुआ है। इससे इस मार्ग पर दुर्घटना का खतरा बढ़ गया है। उन्होंने बताया कि रमसगरी तालाब और मकई तालाब को ऑक्सीजोन के रूप में डेवलप किया गया है लेकिन इनकी हालत दयनीय है। रमसगरी तालाब में नशेड़ियों का जमावड़ा लगा रहता है जिससे हर पल किसी न किसी घटना का भय बना रहता है।

कलेक्टर से मिलने के दौरान चेम्बर ऑफ कामर्स के अध्यक्ष कैलाश कुकरेजा, सचिव दिनेश रोहरा, सहसचिव आलोक पांडेय सहित अन्य व्यापारी मौजूद थे।





### अछोटा पुल की ओर खींचा ध्यान

धमतरी-नगरी मार्ग पर अछोटा पुल की ओर कलेक्टर का ध्यान आकर्षित करते हुए उन्होंने बताया कि महानदी पर स्थित यह पुल धमतरी से नगरी, उड़ीसा, कोंडागांव, कांकेर, नरहरपुर, गरियाबंद सहित कई जिलों को जोड़ता है। काफी पुराना होने के कारण यह पुल पूरी तरह से जर्जर और जानलेवा हो चुका है। कई बार पुल की मरम्मत भी की जा चुकी है।

### ड्रेन टू ड्रेन बने कोलियारी तक सड़क

व्यापारियों ने सिहावा चौक से कोलियारी तक सड़क चौड़ीकरण की मांग रखते हुए बताया कि इस मार्ग को ड्रेन टू ड्रेन बनाया जाना चाहिए। काफी समय से चेम्बर ऑफ कामर्स द्वारा इसकी मांग उठाई जा रही है। यह सड़क काफी व्यस्त रहती है। भारी गाड़ियों के चलने के करण यह जर्जर हो गई है। सड़क की चौड़ाई कम होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

# सिनेट सिटी और हाउसिंग बोर्ड के गंदे पानी से लोग परेशान

- खुली जगह पर गटर के पानी को स्टोरेज करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

सिनेट सिटी तथा हाउसिंग बोर्ड कालोनी के गंदे पानी से वंदना विहार के लोग परेशान हैं। खुली जगह पर गंदे पानी को स्टोर करने के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

रत्नाबांधा रोड स्थित वंदना विहार, जुनेजा गली, ईडब्ल्यूएस कालोनी के रहवासी विजय देवांगन, श्रवण देवांगन, रामखिलावन, किरण, आशीष आदि ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर कहा है कि वंदना विहार का खुला स्थान सिनेट सिटी तथा हाउसिंग बोर्ड कालोनी से निकलने वाले गटर के पानी का स्टोरेज बना हुआ है। इससे निकलने वाली बदबू से मोहल्लेवासियों का जीना दूभर हो गया है। बदबूदार पानी से कई प्रकार की बीमारियों का खतरा बना रहता है। इस संबंध में सिनेट सिटी तथा हाउसिंग बोर्ड से लिखित शिकायत की गई है लेकिन आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। कलेक्टर से समस्या को दूर करने की मांग की है।



# ओव्हरटेक करते बाइक ट्रक में घुसी, बाल-बाल बचे सवार

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

आगे बढ़ने के लिए बाइक सवार ट्रक को ओव्हरटेक कर रहे थे। इसी दौरान बाइक अचानक ट्रक के नीचे घुस गई। इस घटना में बाइक सवार बाल-बाल बच गए। दो को हल्की चोट आई है।

घटना सोमवार की शाम की है। कुरूद निवासी विजय विश्वकर्मा अपने दो साथियों के साथ बाइक क्रमांक सीजी 05 डब्ल्यू 4184 में सवार होकर नेशनल हाइवे से होते हुए किसी काम से ग्राम चंदनबिरही जा रहे थे। बाइक धमतरी बस स्टैंड के सामने से गुजर रही थी। बाइक के आगे ट्रक जा रहा था। बस स्टैंड के मुख्य गेट से बस को निकलते देख ट्रक ने हल्का सा टर्न लिया। इसी दौरान बाइक सवार आगे निकलने के लिए ट्रक को ओव्हरटेक कर रहे थे। ट्रक के टर्न लेने से बाइक चालक हड़बड़ा गया। इससे बाइक अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे घुस गई। इस घटना में बाइक सवार तीनों युवक बाइक से दूर फेंका गए जिससे वे ट्रक के पहियों के नीचे आने से बाल-बाल बच गए। हादसे में विजय के पैर व उसके एक साथी के शरीर पर खरोच आई है। बाइक बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के बाद चालक ट्रक सहित मौके से भाग गया। सूचना पर यातायात के एएसआई बोधन सिंह ध्रुव मौके पर पहुंचे और युवकों को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। वहीं वायरलेस के माध्यम से ट्रक की जानकारी आगे व डयूटी पाइंट पर तैनात यातायात पुलिस को दी गई।

- बस स्टैंड के सामने हुआ हादसा



# शराब दुकान के सुपरवाइजर से लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रात्रि में अपने घर लौट रहे शराब दुकान के सुपरवाइजर को दो नकाबपोश ने हथियार दिखाकर लूट लिया। नकाबपोश मोबाइल व नकदी लेकर फरार हो गये हैं। त्रिकालदर्शी सिन्हा ग्राम अर्जुनी निवासी बठेना नहर नाली के पास स्थित शराब दुकान में सुपरवाइजर का काम करता है। रविवार की रात्रि वह अपना काम निबटाकर घर जाने के लिये निकला था। इसी दौरान शराब दुकान से 25 मीटर आगे अचानक दो नकाबपोश ने उसका रास्ता रोक लिया। हथियारनुमा वस्तु दिखाकर सुपरवाइजर का मोबाइल, नकदी सहित अन्य सामान लूटकर भाग गये। पीड़ित ने घटना की शिकायत सिटी कोतवाली में दर्ज कराई है। पुलिस अज्ञात नकाबपोशों की तलाश में जुट गई है।

- मोबाइल व नकदी लूटकर आरोपी फरार

# प्लेसमेंट कैंप बना बेरोजगारों के लिए प्लेटफार्म

- एक माह में लगे 4 प्लेसमेंट कैंप, इंटरव्यू के लिए 404 युवा पहुंचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

रोजगार कार्यालय का प्लेसमेंट कैंप युवाओं के लिए अच्छा अवसर साबित हो रहा है। एक माह में ही चार प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा चुका है। इस कैंप में जितने युवा आते हैं, उससे कहीं ज्यादा वेकेंसी होती है। हाल ही में लगे चार प्लेसमेंट कैंप में 1600 से अधिक वेकेंसी थी, जबकि 404 युवा ही प्लेसमेंट कैंप में पहुंचे थे।

प्राइवेट सेक्टर में काम करने के लिए कर्मचारियों की बेहद कमी है। वहीं धमतरी के युवा भी नौकरी की तलाश में रहते हैं। इन दोनों कड़ियों को जोड़ने के लिए रोजगार कार्यालय द्वारा पिछले कई साल से प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा रहा है। पिछले कुछ साल से प्लेसमेंट कैंप की गति धीमी हो गई थी लेकिन अब इसकी रफ्तार बढ़ गई है। आचार संहिता समाप्त होने के बाद एक बाद एक प्लेसमेंट कैंप लगाए जा रहे हैं। लगभग हर सप्ताह कम से कम एक प्लेसमेंट कैंप का आयोजन हो रहा है। पिछले 27 दिनों में चार प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया जा चुका है। लगातार प्लेसमेंट होने से बेरोजगार युवाओं को एक प्राइवेट सेक्टर में अपनी दक्षता, अनुभव, शिक्षा के आधार पर नौकरी सिलेक्ट करने के लिए एक प्लेटफार्म मिला है।



### कई कम्पनियां ढूंढ रही युवाओं को

सोमवार को भी प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें तीन कम्पनियों ने हिस्सा लिया। इसमें एलआईसी ने एजेंट भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप रखा। इसी प्रकार कालनेट सर्विसेज ने रिलेशनशिप ऑफिसर, टेली कॉलर, फायर एंड सेफ्टी मैनजमेंट ने फायरमेन, सिक्युरिटी गार्ड, सिक्युरिटी सुपरवाइजर, ड्राइवर और होम केयर टेकर की भर्ती के लिए प्लेसमेंट कैंप का आयोजन किया। इस कैंप में 431 वेकेंड पोस्ट थे, जिसके लिए 87 युवाओं ने साक्षात्कार दिया। इससे पहले 3 जनवरी को दो कम्पनी ने प्लेसमेंट कैंप में हिस्सा लिया था। इस कैंप में 900 पोस्ट पर भर्ती की जानी थी, 87 युवा ही उपस्थित थे। 28 दिसंबर को भी 2 कम्पनियों ने प्लेसमेंट कैंप में हिस्सा लिया। यहां पर 124 वेकेंड पोस्ट के लिए 53 युवाओं ने साक्षात्कार दिया। 13 जनवरी के प्लेसमेंट कैंप में भी 2 कम्पनियां आई थीं। इस कैंप में 190 पोस्ट वेकेंड थे जिसके लिए 188 युवा उपस्थित थे।

### बाहर नहीं जाना चाहते युवा

प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने वाली अधिकांश कंपनियां छत्तीसगढ़ की हैं लेकिन युवा धमतरी से बाहर जाना नहीं चाहते हैं। शायद यही कारण है कि इन कैंप में भाग लेने वाले युवाओं की संख्या कम है। जो युवा भाग लेते हैं, वे भी केवल धमतरी में पोस्टिंग चाहते हैं। मिली जानकारी के अनुसार इन प्लेसमेंट कैंप में युवाओं को शुरूआती सैलरी 10 से 20 हजार तक ऑफर की जा रही है। अनुभव बढ़ने पर सैलरी बढ़ाने का आश्वासन भी दिया जाता है।

### वृद्ध ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

**धमतरी।** अज्ञात कारणों से एक वृद्ध ने पेड़ पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस व परिजनों के अनुसार लीलाराम नेताम पिता हिन्छाराम 60 वर्ष ग्राम लीलर थाना अर्जुनी निवासी की बीते 4-5 वर्ष से मानसिक स्थिति ठीक नहीं रहती थी। वृद्ध ने रविवार को ग्राम कांटाकुर्रीडीह में एक पेड़ पर गेरूवा रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। घटना की जानकारी देर शाम पुलिस को दी गई। घटनास्थल केरेगांव थाना क्षेत्र होने पर केरेगांव पुलिस सोमवार की सुबह घटनास्थल पहुंची। पंचनामा के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

प्रमाण पत्र के लिए लोगों को करना पड़ रहा लंबा इंतजार

# सर्वर डाउन, जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में आ रहीं दिक्कतें

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

साइट में उतार चढ़ाव आने के कारण जिला अस्पताल में जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में बाधा आ रही है। इससे लोगों को इंतजार करना पड़ रहा है।

जिला अस्पताल के कक्ष क्रमांक 13 में जन्म व मृत्यु प्रमाण- पत्र बनाया जाता है। जन्म प्रमाण -पत्र के लिए जिला अस्पताल में जन्म लिए बच्चे का उसके माता पिता के आधार कार्ड व डिस्चार्ज कार्ड पेश करने पर आनलाइन एंट्री कर बर्थ सर्टिफिकेट बनाया जाता है। डिस्चार्ज के लगभग सप्ताह भर बाद जन्म प्रमाण- पत्र बनाया जा सकता है। अस्पताल में भर्ती मरीज की मौत होने पर वार्ड स्टाफ द्वारा उसके परिजनों को एक फार्म उपलब्ध कराया जाता है। परिजन उक्त फार्म में मृतक का नाम, पता व उसका आधार कार्ड नंबर व फोटोकापी तथा अपना आधार कार्ड व नाम पता दर्ज कर जमा करते हैं। तत्पश्चात प्रमाण पत्र बनाकर संबंधित परिजन को दे दिया जाता है। वार्ड स्टाफ वार्ड में जन्म व मृतक का नाम दर्ज कर बनाए गए रजिस्टर को सप्ताह में एक बार आनलाइन एंट्री में कक्ष क्रमांक 13 में प्रस्तुत करते हैं। रजिस्टर में दर्ज उक्त जानकारी को आनलाइन एंट्री कर दिया जाता है। डेथ या बर्थ सर्टिफिकेट के लिए आवेदन आने पर 15 से 20 मिनट में प्रमाण पत्र बनाकर दे दिया जाता है। इसके लिए साइट का चलना आवश्यक है। बीते 2-3 दिन से देखा जा रहा है कि जन्म मृत्य का साइट अप-डाउन चल रहा है जिसके कारण आनलाइन एंट्री नहीं हो पाने से जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने में देरी हो रही है। लोगों को प्रमाण पत्र के लिए कतार में लगकर सर्वर के ठीक होने का इंतजार करना पड़ रहा है। सोमवार को भी साइट कुछ देर के लिए चला था जिसमें 2 से 3 लोगों का प्रमाण पत्र बनाया जा सका, लेकिन कुछ देर चलने के बाद साइट स्लो हो गया।





हरिभूमि
## पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768
9098324969

## खबर संक्षेप

### पादुका पूजन एवं दर्शन समारोह आज



**धमतरी।** स्व-स्वरूप संप्रदाय धमतरी द्वारा जगद्गुरु रामानंदाचार्य स्वामी नरेंद्राचार्य महाराज का पादुका पूजन एवं दर्शन समारोह 9 जनवरी को प्रातः 9 बजे से शासकीय माध्यमिक शाला परिसर मैदान ग्राम दर्री में रखा गया है। जिलाध्यक्ष रमा महासिंह साहू ने श्रद्धालुओं से उपस्थिति की अपील की है।

### नवकार महिला मंडल ने सेवा सप्ताह में 2500 कपड़े बांटे

**धमतरी।** नवकार महिला मंडल ने मकई चौक स्थित महाराष्ट्र बैंक के पास कपड़े एवं पूड़ी सब्जी का वितरण किया। 700 लोगों को तिल लड्डू, बिस्किट, पूड़ी सब्जी बांटी गई। अध्यक्ष संतोष मिनी ने बताया कि इस सेवा सप्ताह के दौरान 2500 कपड़े का वितरण किया गया। 150 जोड़ी चप्पल बांटी गई। 200 ऊनी स्वेटर, साल, कंटोप, मफलर बांटे गए। 2300 शर्ट, साड़ी, चादर, लोअर, टी-शर्ट वितरित की गई। सभी स्कूलों में बिस्किट, खजूर, नमकीन, चाकलेट के 700 पैकेट वितरित किए। आंगनवाड़ी में बच्चों के लिए झूला, बाथटब, क्रिकेट से,ट खिलौने, हेयर बेल्ट, कान के टॉप्स दिए गए। अध्यक्ष संतोष मिनी ने कहा कि अपनों के लिए सभी करते हैं लेकिन जो जरूरतमंद हैं, उनकी यदि जरूरत को पूरा करते हैं उससे एक आत्मिक खुशी मिलती है।

### जीजामगांव कॉलेज में हुई प्रश्नोत्तरी स्पर्धा

**जीजामगांव।** दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में साइंस क्लब के तत्वावधान में सामान्य जनरल नॉलेज से संबंधित क्विज प्रतियोगिता रखी गई। प्राचार्य डॉ. सीआर यदु ने कहा कि प्रश्न मंच के माध्यम से विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि बंशीलाल पटेल अध्यक्ष महाविद्यालय विकास समिति ने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चों में शिक्षा को लेकर जागरूकता पैदा होती है। विभिन्न विषयों पर तत्कालीन उत्तर देने की क्षमता विकसित होती है। प्रश्नोत्तरी स्पर्धा में कुल 8 टीम एबीसीडीई एफजीएच प्रतिभागी के रूप में शामिल हुई।

### विशेषज्ञ चिकित्सक अन्य जगह अटैच, क्षेत्र की जनता को नहीं मिल रही स्वास्थ्य सुविधाएं

# सीएचसी भखारा आरएमए के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ▶▶अंवरी




शासन ने स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए भखारा क्षेत्रवासियों को 30 बिस्तर अस्पताल की सौगात दी है। यहां करोड़ों रुपये की लागत से भवन का निर्माण किया गया है। साथ ही एक विशेषज्ञ चिकित्सक एवं दो चिकित्सा अधिकारी की पदस्थापना भी की गई है। अन्य पैरामेडिकल स्टॉफ भी पर्याप्त संख्या में हैं, परन्तु तीनों चिकित्सकों को अन्यत्र जगह अटैच कर भखारा क्षेत्रवासियों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। इससे आमजनता एवं जनप्रतिनिधियों में रोष है। इस विषय पर जनप्रतिनिधियों द्वारा बार-बार शिकायत किये जाने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं किया जाना संदेह को जन्म देता है।

विगत दिनों जनपद पंचायत कुरुद की सामान्य सभा की बैठक में जनपद सदस्य द्वय पुरषोत्तम सिन्हा और सुनील गायकवाड़ ने इस विषय पर सवाल खड़े किये थे। बैठक में शामिल स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ने गोलमोल जवाब दिया। करोड़ों की लागत से अस्पताल में स्थापित ऑक्सीजन प्लांट, एक्सरे मशीन सुविधा होने के बाद भी मरीजों को इलाज के लिये मोहताज होना पड़ता है। वर्तमान प्रभारी द्वारा ओपीडी संचालन के साथ-साथ कार्यालयीन कार्य भी संपादित किया जाता है जबकि कार्यालयीन कार्य हेतु कर्मचारी नियुक्त हैं ।


ग्रामीणों ने कलेक्टर से मांग की है कि स्वास्थ्य विभाग ब्लॉक कुरुद के जितने भी अधिकारी कर्मचारी जो मूल पदस्थापना स्थल से अन्य जगह अटैच हैं, उनको तत्काल मूल पदस्थापना पर भेजे। भखारा की जनता को पोस्टमार्टम के लिए कुरुद जाना पड़ता है , जबकि भखारा में ही सुविधा उपलब्ध कराई जा सकती है।

जनपद सदस्य सुनील गायकवाड़ ने कहा कि किसी भी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा आंदोलन किया जायेगा। जनपद सदस्य पुरषोत्तम सिन्हा ने कहा कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भखारा के चिकित्सक एवं अन्य स्टाफ जो कुरुद या अन्य जगह अटैच हैं, उनको उनके मूल पदस्थापना स्थल पर वापस भेजा जाये ताकि लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकों का लाभ मिल सके। तेजेश्वर कुर्र सामाजिक कार्यकर्ता ने कहा कि चिकित्सकों की मूल पदस्थापना के लिए कई माह से मांग की जा रही है, उसके बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। इससे भखारा क्षेत्र की जनता में आक्रोश है।

# गाड़ाडीह में बही भक्तिरस की गंगा

■ भागवत कथा का श्रवण करने उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद



ज्ञान भक्ति और वैराग्य के त्रिवेणी संगम में सराबोर करने के उद्देश्य से ग्राम हीरा गाड़ाडीह में परमार परिवार द्वारा नौ दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। बेमेतरा जिले के साजा के भगवताचार्य पं. हरीश चतुर्वेदी ने भागवत कथा सुनाई।

भागवत कथा का शुभारंभ ग्राम में भव्य कलश यात्रा, वेदी पूजन एवं गोकर्ण महात्म्य वर्णन से हुआ। कथा के प्रथम दिवस भगवान विष्णु के वाराह अवतार की कथा एवं परीक्षित जन्म, द्वितीय दिवस ध्रुव बालक के चरित्र पर प्रसंग एवं कपिला व्याख्यान, तृतीय दिवस भक्त प्रहलाद चरित्र एवं गजेन्द्र मोक्ष की कथा, चतुर्थ दिवस भगवान के वामन अवतार की कथा कृष्ष जन्मोत्सव ,पांचवें दिन कृष्ण की बाललीला एवं रूखमणी विवाह, छठवें दिन सुदामा चरित्र, सातंवे दिन परीक्षित मोक्ष, नवधा भक्ति के साथ कथा का समापन हुआ। इस अवसर पर पं. हरीश चतुर्वेदी द्वारा संगीत की धुन पर बाजे-गाजे के साथ गाड़ाडीह ग्राम का भ्रमण किया गया। शोभायात्रा में ग्रामवासियों द्वारा श्रीमद्भागवत पुराण की पूजा की गई। कथा के आठवें दिन गीता उपदेश, तुलसी वर्षा के पश्चात हवन किया गया।

आयोजन में आईएस परमार, मनोज पवार, अशोक पवार, दीपक परमार, जितेन्द्र परमार, मनोज पवार, सनत पवार, नपं अध्यक्ष तपन चंद्राकर, एलपी गोस्वामी, भूपेन्द्र चंद्राकर, पंकज नायडू, दीपक अग्रवाल, संजय केला, संजय चैनवानी, प्रवीण केला, सूरज लांबा, मोहन सुखरामणी, टीकम कटारिया सहित अनेक श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया।

# शिव-पार्वती की बारात में झूमे श्रद्धालु





हरिभूमि न्यूज ▶▶सिर्री

■ सिर्री में भव्य शिव महापुराण जारी

ग्राम सिर्री में मथुरा प्रसाद साहू, चंद्रप्रकाश साहू परिवार द्वारा 4 से 11 जनवरी तक भव्य श्री शिवमहापुराण कथा एवं प्रतिदिन प्रातः रुद्राभिषेक का आयोजन जारी है। कथावाचक नारायण महाराज राधे निकुंज आश्रम जंजगिरि भिलाई हैं। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से 12 बजे तक भगवान शिव का रुद्राभिषेक किया जाता है। पश्चात दोपहर 2 बजे से श्री शिवमहापुराण की कथा आरंभ होती है।कथा सुनने सिर्री सहित समीपस्थ ग्राम के श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। शाम 6 बजे आरती पश्चात प्रसादी का वितरण किया जाता है। शिवपुराण के चौथे दिन 7 जनवरी को भी सैकड़ों श्रद्धालु शिव कथा सुनने पहुंचे थे।

कथावाचक आचार्य ने रविवार को भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की कथा सुनाई। उन्होंने अपनी कथा में बताया कि भगवान शंकर और माता पार्वती का विवाह प्रसंग मंगलकारी है। जो भी इस कथा को सुनता है, उसका मनोरथ पूर्ण होता है। शिव पुराण में शंकर और पार्वती विवाह का वर्णन किया गया है। भगवान शिव की बारात विलक्षण थी। ऐसी बारात किसी ने आज तक नहीं देखी होगी। शरीर पर भस्म लपेटे हुए भगवान शंकर कैलाश पर्वत पर पहुंचते हैं। भगवान ब्रम्हा द्वारा शिव पार्वती का विवाह करवाया जाता है। रुद्र प्रयाग में स्थित त्रियुगी नारायण एक पवित्र जगह है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए त्रियुगी नारायण मंदिर के पास गौरी कुण्ड में माता पार्वती ने तपस्या की थी और बाद में भगवान शंकर ने इसी मंदिर में माता पार्वती से विवाह किया था। शिवजी जब बारात लेकर चलने लगे तो उनकी बारात में भूत-प्रेत, बेताल सब मग्न होकर नाच रहे थे। भगवान शिव नंदी पर विराजमान थे और गले में नाग की माला धारण किए हुए थे। साथ में भगवान विष्णु और ब्रह्मा जी भी देवताओं की टोली लेकर चल रहे थे। संपूर्ण त्रिलोक शिव विवाह के आनंद से मग्न हो रहा था। हर तरफ शिवजी के जयकारे लग रहे थे। बारात दरवाजे पर पहुंचने के बाद भगवान शिव की सासू मां मैना अपने दामाद की आरती उतारने दरवाजे पर पहुंची तो शिवजी का रूप देखकर चकरा गई। उस पर शिवजी ने अपनी और लीला दिखानी शुरू कर दी। शिवजी के नाग ने फुफकार मारना शुरू किया। तेज हवा से उनके वस्त्र अस्त-व्यस्त होने लगे। मैना वहीं अचेत होकर गिर गई। मंच में शिव पार्वती के विवाह का मंचन और लीला भी दिखाई गई वरमाला पहनाने जैसे विशिष्ट झांकियां परिलक्षित की गई। सैकड़ों श्रद्धालु भगवान शिव पार्वती के विवाह में खुशी से शामिल हुए और झूमते नाचते नजर आए।

# शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता : अंबिका



■ गोंडवाना समाज ने किया नवनिर्वाचित विधायक का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶नगरी

गोंडवाना समाज द्वारा आयोजित सम्मान समारोह में नवनिर्वाचित विधायक अम्बिका मरकाम का फूलमाला एवं श्रीफल से समाज के पदाधिकारियों ने स्वागत किया। इस दौरान विधायक अम्बिका मरकाम ने कहा कि समाज ने जिस उम्मीद और भरोसे के साथ मुझे अपना आशीर्वाद प्रदान किया है, उसे मैं इस जीवन में कभी नहीं भूल सकती हूं। क्षेत्र की जनता और क्षेत्र के चहुंमुखी विकास के लिए हमेशा तत्पर रहूंगी। क्षेत्र में शिक्षा और स्वास्थ्य को बेहतर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी। इसके अलावा क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर लाने की बात कही। विधायक ने कहा कि लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या हो तो वे सीधा मुझसे संपर्क कर अपनी बात रख सकते हैं।

इस अवसर पर संरक्षक कुंदनसिंह साक्षी, लक्ष्मी ध्रुव, अध्यक्ष रामप्रसाद मरकाम, हरक मंडावी, भावसिंह कोर्राम, मोहनसिंह कुरु, प्रमोद कुंजाम, शत्रुघन साक्षी, रामसिंह समरथ, दलगंजन मरकाम, टिकेश्वर ध्रुव, नारद मंडावी, फूलसिंह साक्षी, रामकुमार नेताम, वेदप्रकाश मंडावी, भुनेश्वरी नेताम, विमला मरकाम, श्यामसुंदर नेताम, मुंगेश मरकाम, प्रीतम मंडावी, रामसिंह मरकाम, देवव्रत मरकाम, बुधराम साक्षी, जोहत नेताम, दिनेश मंडावी, राधेश्याम नेताम, हिरउराम मरकाम, बलराम शोरी, संतोष मरकाम, ऋषि ओटी, शोभाराम नेताम, जगदेव नेताम उपस्थित थे।

## नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं राजेन्द्र आनंद पिता स्व.धर्मपाल आनंद RAJENDRA ANAND S/O LATE DHARAMPAL ANAND (कृष्णा धरम) गुप्ता अस्पताल के पास रत्नाबांधा रोड धमतरी छत्तीसगढ़ 493773 यह शपथ करता हूं कि मैंने अपना यह पुराना नाम को त्याग कर नया नाम राजेन्द्र कुमार आनंद RAJENDRA KUMAR ANAND S/O LATE DHARAMPAL ANAND रख लिया हूं।

अतः आज से मुझे समस्त शासकीय अर्धशासकीय व अन्य सभी दस्तावेजों में मेरे नए नाम RAJENDRA KUMAR ANAND S/O LATE DHARAMPAL ANAND से ही जाना पहचाना जावे।

RAJENDRA KUMAR ANAND
S/O LATE DHARAMPAL ANAND
**(कृष्णा धरम) गुप्ता अस्पताल के पास रत्नाबांधा रोड धमतरी, छत्तीसगढ़ 493773**

### जीजामगांव महाविद्यालय में हुई क्रीडा प्रतियोगिता

# स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास : कांति

हरिभूमि न्यूज ▶▶जीजामगांव







दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी महाविद्यालय जीजामगांव में क्रीडा प्रतियोगिता का उद्घाटन बंशीलाल पटेल अध्यक्ष ग्रामीण विकास समिति व सुश्री टिकेश्वरी मारकंडे जनपद सदस्य ने किया गया। प्रतियोगिता का समापन श्रीमती कांति सिंह सोनवानी अध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी ने किया ।

प्राचार्य डॉ. सीआर ने कहा कि हमें खेल को जीवन में अनिवार्य रूप सें शामिल करना चाहिए। खेल के माध्यम से शारीरिक एवं बौद्धिक विकास होता है। विशेष अतिथि श्रीमती कांति सोनवानी ने खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का वास होता है। हमें खेल को अपनाने की जरूरत है। इस दौरान कबड्डी, रिले रेस, दौड़, गोला फेंक, रस्सी कूद, तवा फेंक का आयोजन किया गया। गोला फेंक बालक वर्ग में प्रथम स्थान मनीष, द्वितीय स्थान भेषण को मिला। गोला फेंक बालिका वर्ग में प्रथम स्थान सरिता, द्वितीय स्थान खुशबू को मिला। स्लो साइकिल रेस बालक वर्ग में प्रथम रोशन, द्वितीय ताम्रध्वज रहे। स्लो साइकिल बालिका वर्ग में प्रथम भूमिका, द्वितीय मोनिका रही। रस्सी कूद में प्रथम स्थान राजेश्वरी, द्वितीय स्थान हितेश्वरी को मिला। तवा फेंक बालिका में प्रथम स्थान सरिता व दितीय स्थान जीतू को मिला। दौड़ 100 मीटर में बालक वर्ग में प्रथम परमेश्वर, द्वितीय छत्रपाल व 100 मी दौड़ बालिका वर्ग में प्रथम अर्चना, द्वितीय काजल रही। रस्साकसी में प्रथम स्थान सरिता ग्रुप व बालक वर्ग में प्रथम स्थान एडवेंचर ग्रुप को मिला। कबड्डी में बालक वर्ग में प्रथम स्थान हिमांशु ग्रुप व बालिका में प्रथम स्थान खुशबू को मिला। रिले रेस में बालिका वर्ग में प्रथम स्थान काजल ग्रुप व बालक वर्ग में लेखराज ग्रुप को मिला। गोला फेंक में प्रथम स्थान टेमन व द्वितीय स्थान नोबल को मिला। 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान दुर्गेश व द्वितीय स्थान डिमन को मिला। विजेताओं को महाविद्यालय के प्राचार्य एवं अतिथियों ने सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्राध्यापक हेमशंकर ध्रुव पुष्पा दर्रो, अनिल जांगड़े, लीना बैस, तेजराम साहू, गुलशन साहू, वेंकटेश टंडन, आरआर डिगरे, भीम यादव, टकेश्वर साहू, दाऊ कल्याण सिंह सोनवानी विद्यालय के प्राचार्य बिरसमणी मिंज, रघुनाथ, अनुराधा बघेल, साक्षी शिंदे, खुशी साहू समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# विकासखंड स्त्रोत समन्वयक ने किया टेंगना स्कूल का निरीक्षण



**नगरी।** विकासखंड स्त्रोत समन्वयक आरएल साहू ने संकुल केंद्र अमाली की शासकीय प्राथमिक शाला टेंगना का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने स्टाफ से शैक्षिक गतिविधियों की जानकारी ली। बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता की परख करते हुए गणित, हिंदी, अंग्रेजी पर प्रश्न पूछे जिसे विद्यार्थियों ने बड़ी सहजता से उत्तर किया। बच्चों की होमवर्क कापी व कक्षा में दिए कार्यों की जांच की। शिक्षकों द्वारा की गई जांच का अवलोकन भी किया। शिक्षक संतोष बांधव ने अध्यापन कराने की गतिविधियों को बताया। प्रसन्नता व्यक्त करते हुए श्री साहू ने कहा कि यहां के शिक्षक आसान तरीके से तार्किक, बौद्धिक, गणित प्रश्न को समझ रहे हैं। इनसे ध्यानपूर्वक सीखे समझे। इससे आप किसी भी परीक्षा की तैयारी कर प्रवेश परीक्षा में चयन हो सकते हैं।

Pride of Dhamtari

आपके शहर धमतरी में
प्रख्यात चिकित्सकों व्दारा चिकित्सा परामर्श
ओ.पी.डी.
पंजीयन आवश्यक - 9981996482



स्थान : क्रिश्चन हॉस्पिटल ,बस स्टैण्ड के सामने, धमतरी
अगर आप किडनी रोग, मस्तिष्क रोग,स्लिप डिस्क से सम्बंधित लक्षण व परेशान है तो अवश्य परामर्श लेवें

| डॉ करण सराफ | डॉ अक्षय वैद | डॉ आशु जैन |
|---|---|---|
| MD,DM Nephrologist | MS,MCh, Neurosurgeon | MS,MCh, Neurosurgeon |

उचित दामों पर उच्चतम क्वालिटी के फ्लाईएश ईंट एवं पेवर ब्लाक उपलब्ध
कासलीवाल ब्रिक्स
रेत, गिट्टी, ईंट, सीमेंट, छड़ के सप्लायर
प्रो. शीतल कासलीवाल : 87706-89029
ग्राम-संकरी, तहसील-कुरूद, जिला-धमतरी
नोट : सभी शासकीय कार्य एवं भवन निर्माण हेतु जीएसटी बिल के साथ उपलब्ध



विज्ञापन के लिए संपर्क करें :- हरिभूमि
धमतरी - 98261-14710, 83058-71196, कुरुद - 98268-82770, नगरी -77488-10431, मगरलोड - 97526-17538, सिर्री - 99261-66875, जीजामगांव - 95754-57523, अंवरी-97535-23273
राजधानी मार्ग, मसीही चिकित्सालय के सामने, धमतरी फोन : 07722-238756

### भाजपा कार्यकताओं ने मुख्यमंत्री को सौंपा मांग पत्र

# बोरसी में कालेज, सिंगपुर में पुलिस चौकी की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶मगरलोड




शनिवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपनी बेटी के ससुराल मगरलोड ब्लॉक के ग्राम परसवानी पहुंचे थे। बेटी के घर गृह प्रवेश का कार्यक्रम था। गृह प्रवेश में शामिल होने से पहले उन्होंने कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान परसवानी सहित भाजपा मंडल मगरलोड के जनप्रतिनिधियों ने अपनी प्रमुख मांग और समस्याओं से संबंधित ज्ञापन दिया।

भाजपा जिला उपाध्यक्ष नरेश सिन्हा बताया कि मगरलोड सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में 100 बिस्तर अस्पताल, बोरसी में कालेज, सिंगपुर में पुलिस चौकी और आईटीआई, राजाडेरा जलाशय का जीर्णोद्धार परसाबुड़र से हथबंध तक पक्की सड़क, प्रेस कार्यालय भवन, की मांग रखी गई।

इस अवसर पर पूर्व विधायक श्रवण मरकाम, मंडल प्रभारी राजेंद्र गोलछा, पूर्व विधायक पिंकी शाह, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय यदु, यवन साहू, रामायण सिन्हा, सरपंच झनेश्वर साहू, पार्षद नरेश अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य खूबलाल ध्रुव, हिरंजय साहू, भवानी यादव, हिरामन ध्रुव, सरपंच लोकेश्वरी यादव, रोहित यादव, दिलीप सिन्हा, उर्वशी साहू, नंदनी सिन्हा, मनोरम साहू, कविता यादव, गैंदा साहू, झामित सिन्हा, घनश्याम साहू, युवा मोर्चा अध्यक्ष बसंत साहू, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल हुए।

### पुलिस कर्मी रहे तैनात

शनिवार को मुख्यमंत्री के आगमन पर पुलिस कर्मी से लेकर कलेक्टर, एसडीएम,एडीएम एसडीओपी, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, पीडब्ल्यूडी विभाग, मुख्य कार्यपालन अधिकारी मगरलोड, उद्यानिकी विभाग, इंजीनियर, सब इंजीनियर से लेकर आधिकारिक कर्मचारी डटे रहे।

## अंचल की खबरें

### संबलपुर में अक्षत कलश की निकली शोभायात्रा



**धमतरी।** ग्राम संबलपुर में जिला सामाजिक समरसता प्रमुख आनंद स्वरुप के नेतृत्व में अक्षत कलश शोभायात्रा निकाली गई। इससे गांव का माहौल राममय हो गया। सबने अक्षत कलश की पूजा-अर्चना की। कार्यक्रम में डेनिश चंद्राकर, दौलत ठाकुर, चित्रसेन ठाकुर, करण रामटेके, गौतम साहू, श्रीमती मधु ठाकुर, श्रीमती केजा बाई साहू, श्रीमती जसोदा साहू, श्रीमती यशोदा साहू, श्रीमती सुरुज ठाकुर, श्रीमती सुमन ठाकुर, दीप्ति ठाकुर, श्रीमती सावित्री रामटेके, श्रीमती आसबती, गोदावरी साहू समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

### देवांगन समाज ने की रमन सिंह से मुलाकात



**भखारा।** देवांगन समाज के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष रामगोपाल देवांगन कुरूद के नेतृत्व में समाजजनों ने छग के विधानसभा अध्यक्ष रमन सिंह से मुलाकात की। इस अवसर पर बृजलाल देवांगन, ओमप्रकाश देवांगन, भीखम देवांगन, धनेश देवांगन, महेश, पुराणिक, घनश्याम, राधेश्याम ,विमल , ऋषि देवांगन, मोनिका देवांगन समेत समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।

### पटेल समाज ने की विधायक चंद्राकर से भेंट



**जीजामगांव।** पटेल समाज तहसील इकाई कुरूद ने विधायक अजय चंद्राकर से भेंट की। इस अवसर पर राजिम राज कार्यकारी अध्यक्ष संतोष पटेल, जीजामगांव राज अध्यक्ष कपिल पटेल, बारना राज अध्यक्ष किशन पटेल, तहसील कोषाध्यक्ष धनेश्वर प्रसाद पटेल, जीजामगांव राज कोषाध्यक्ष नूतन राम पटेल, सुखउराम पटेल, गणपत पटेल, बिसहतराम पटेल, युगल पटेल, आनंदराम पटेल, उत्तम पटेल, कांतिलाल पटेल, सुखराम पटेल मौजूद थे।

### सामाजिक प्रकरणों का हुआ निबटारा



**मगरलोड।** छत्तीसगढ़ निषाद समाज 22 पाली डोंगेश्वर परिक्षेत्र देवपुर की नौमाही बैठक रविवार को रामजानकी मंदिर प्रांगण देवपुर में हुई। बैठक में सामाजिक प्रकरणों का निबटारा व भक्त गुहा निषादराज की जयंती मानने के संबंध में चर्चा की जाएगी। बैठक में देवपुर पाली अध्यक्ष फगनू निषाद, उपाध्यक्ष टेकराम निषाद, कोषाध्यक्ष महासचिव नील कुमार निषाद, मनराखन निषाद, सागर निषाद, उमाशंकर निषाद, उधो राम निषाद, चेतन निषाद, फागू निषाद, हेमू निषाद, राकेश निषाद, मधु निषाद, कृष्णा निषाद, दिलदार निषाद, अर्जुन निषाद, मेहतरू निषाद, बंधु निषाद उपस्थित थे।

### मधुबन में विश्वकर्मा समाज का हुआ वार्षिक सम्मेलन



**मगरलोड।** मधुबन धाम रांकाडीह में झेरिया लोहार विश्वकर्मा समाज के नवनिर्मित मंदिर में रविवार को हसदा न.1.परिक्षेत्र का वार्षिक व पारिवारिक सम्मेलन रखा गया था। बतौर अतिथियों के तौर पर प्रदेश के पदाधिकारियों ने शिरकत ने की। अतिथियों ने सभा को सम्बोधित करते हुए समाज को एक नया आयाम, एक नई पहचान देने को लेकर दिशा दी। साथ ही 14 जनवरी को रायपुर के भाठापारा में होने वाले युवक- युवती सम्मेलन में क्षेत्र के सहजाति बंधुओं को आने का न्यौता भी दिया। इस अवसर पर प्रदेश संगठन मंत्री व सर्व लोहार समाज के कोषाध्यक्ष मोतीलाल विश्वकर्मा, प्रदेश प्रवक्ता युगल किशोर बघेल, प्रदेश सचिव कलाराम विश्वकर्मा, रायपुर शहर सचिव व्यास विश्वकर्मा, प्रदेश महामंत्री व हसदा परिक्षेत्र अध्यक्ष छेदन लाल विश्वकर्मा समेत बड़ी संख्या में समाज के लोग मौजूद थे।

### संकरी में राजिम भक्तिन माता की हुई पूजा



**सिर्री।** ग्राम संकरी में साहू समाज ने 7 जनवरी को राजिम भक्तिन माता की जयंती मनाई। अपने आराध्य देवी की पूजा-अर्चना करते हुए पुष्प अर्पित किए और प्रसाद बांटा। मान्यता है कि भक्ति, त्याग और तपस्या के चलते ही वह संपूर्ण क्षेत्र में माता की तरह प्रसिद्ध हो गई। भगवान के प्रति अपार सेवाभाव रखने व पुण्य-प्रताप के कारण ही आज पूरे देश में राजिम भक्तिन माता की अलग पहचान है। मौके पर नेतराम साहू, योगेश साहू, जीवधन साहू उपसरपंच, हर्षकुमार साहू, कृपाल साहू मौजूद थे।

ब्लाक की सबसे बड़ी पंचायत करेली बड़ी का मामला, सिर्फ 79 हितग्राहियों की सूची आई

# मृत लोगों के नाम भी आवास प्लस हितग्राहियों की सूची में, मचा बवाल



हरिभूमि न्यूज ⏭ मगरलोड

भाजपा सरकार आते ही अपनी चुनावी घोषणा को अमल करते हुए पूरे प्रदेश में पात्र आवास हितग्राहियों की सूची भेजी जा रही हैं। वहीं उपतहसील और ब्लॉक की सबसे बड़ी पंचायत करेली बड़ी में भी आवास प्लस हितग्राहियों की सूची आई है, जिसे पंचायत द्वारा अनुमोदन कर शासन को भेजना है। इसके लिए विगत दिवस ग्राम सभा का आयोजन किया गया। लोगों ने पात्र हितग्राही की कम सूची आने पर नाराजगी जताई है।

पंचायत से मिली जानकारी के अनुसार 2018 में आवास प्लस एप्प्स में जिओ टैग किया गया था। उस समय करीब 350 हितग्राहियों का टैग हुआ था। किंतु वर्तमान में इतनी बड़ी पंचायत में 79 हितग्राहियों की सूची आई है। करेली बड़ी के 44 और आश्रित ग्राम खट्टी के 35 हितग्राहियों के नाम आए हैं। जिन हितग्राहियों का नाम पहले पात्र प्रतीक्षा सूची में था, उनका नाम तो आया नहीं, ऐसे में इन लोगों का ग्राम सभा मे रोष होना जायज है।

#### आवास योजना की खूब चर्चा

6 साल बाद अब लोगों का आवास प्लस हितग्राहियों का नाम पात्र सूची में आ रहा है। इसमें कुछ हितग्राही की मृत्यु हो चुकी है। उसका भी नाम आया हुआ है जबकि 2018 की स्थिति में वे जीवित थे। इस तरह गांव में आवास योजना की चर्चा खूब हो रही है। ग्राम सभा में इस मुद्दों को लेकर खूब बहस हुई। किसी ने पात्र तो किसी ने आपत्र सूची भेजने की बात कही। वहीं प्राथमिक रूप से आवास के लिए पहले पात्र है, उसका नाम पहली सूची में नही आने से नाराजगी हैं। इससे पहले प्रतीक्षा सूची में उसका नाम था। सूची में नाम नहीं आने, जिओ टैग नहीं होने या अन्य कारणों से ग्रामीण अनभिज्ञ हैं। ग्रामीणों ने शासन-प्रशासन से पात्र हितग्राहियों की सूची और जारी करने की मांग की है।

#### पात्र का ही अनुमोदन : सरपंच

सरपंच डोमार सिंह साहू ने कहा कि जो सूची आई है और पात्र है, उनका अनुमोदन किया जाएगा। मृत लोगों के नाम की जानकारी जनपद में दी जाएगी। हितग्राहियों की और सूची आएगी या नहीं इसकी जानकारी ली जाएगी। उन्होंने कहा कि शासन की योजना का लाभ सभी हितग्राहियों को मिले।

### देश के विकास में महिलाओं का योगदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय धमतरी में विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा कक्षा सेमिनार का आयोजन किया गया जिसका विषय ''भारत के विकास में महिलाओं का योगदान'' था। इसमें माधुरी साहू बीए भाग 2, यमुना बीए भाग 2, चन्द्रकला बीए भाग 2, लीलावती बीए भाग 2, हेमलता सिन्हा बीए भाग 3, परमेश्वरी साहू बीए भाग 3, हर्षा बीए भाग 3 ने भाग लिया। अध्यक्षता कर रहे प्राचार्य डॉ. डीआर चौधरी ने कहा कि आज महिलाएं घर गृहस्थी को संभालने के अलावा देश का प्रबंधन, पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक सामाजिक विकास जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अपनी भूमिका निभा रही हैं। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रोहिणी मरकाम ने कहा कि महिलाओं को आधुनिक तकनीकी शिक्षा द्वारा प्रशिक्षित कर राष्ट्र के विकास में इनका योगदान लिया जा रहा है। भारतीय संस्कृति, राष्ट्र के विकास एवं राजनीति में नारी का बड़ा योगदान रहा। डॉ. जयश्री रणसिंह ने कहा कि सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है। पूर्णिमा साहू ने कहा कि पूर्व में स्त्रियों को शिक्षा का अधिकार नहीं था। बाद में नारी शिक्षा प्रदान करने की धारणा विकसित हुई।

## कंबल व श्रीफल भेंटकर बुजुर्गों का किया सम्मान



**धमतरी।** ग्राम पंचायत कंडेल में ग्राम स्वास्थ्य, स्वच्छ एवं पोषण समिति, पंचायत पदाधिकारी, मितानिन एवं ग्रामीणों के सहयोग से गांव में बुजुर्गों के लिए सम्मान कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में बुजुर्गों को कंबल एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सरपंच पुष्पा नेताम, उपसरपंच कोमल साहू, मितानिन प्रशिक्षक चमेली बघेल, मितानिन ललिता साहू, सीमा पटवा, टोमिन सार्वा, संतोषी साहू, समिति सदस्य गिरधर सार्वा, ओंकार सिन्हा, राधेश्याम साहू, नीलकंठ मरकाम, खुमन साहू, केशव पटवा समेत ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## कबड्डी भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा खेल : कविता

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

#### कसावाही में कबड्डी प्रतियोगिता का समापन



आदर्श क्लब एवं ग्रामवासियों के सहयोग से ग्राम कसावाही में दो दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। समापन समारोह की मुख्य अतिथि क्षेत्र की जिला पंचायत सदस्य श्रीमती कविता योगेश बाबर थी। अध्यक्षता श्रीमती नोमिन साहू सरपंच कसावही ने की। छत्तीसगढ़ के विभिन्न स्थानों से आए हुए खिलाड़ियों ने अपना खेल का जौहर दिखाया। सभा को संबोधित करते हुए श्रीमती बाबर ने कहा कि मानव जीवन में खेल कूद का एक अपना विशिष्ट योगदान है। खेलने कूदने से में ही स्वस्थ मन निवास करता है। कबड्डी का खेल भारतीय संस्कृति और परंपरा से जुड़ा हुआ है। इस अपनी पहचान बना चुका है। प्रो कबड्डी लीग के माध्यम से अन्य देशों के खिलाड़ी भी इसमें हिस्सा लेते हैं। यह खेल कम समय में संचालित होता है लेकिन इसका रोमांच अपनी चरम सीमा में होता है। खिलाड़ी खेल भावना से खेलें। हार-जीत होती रहती है।

आज हार गए तो अपनी गलतियों को सुधारकर कल आप जीत की ओर अग्रसर होंगे। कार्यक्रम को अन्य अतिथियों ने भी संबोधित किया। मौके पर डिगन लाल मेश्राम, फागू राम साहू, सोमन मण्डावी, सुनीता सिन्हा, एवत मण्डावी, जमुना उईके, हिंछाराम कोर्राम, अकबर कोर्राम, बसंत, भोजराम साहू, होरी लाल मण्डावी, वीरेंद्र नेताम, राजीव सलाम समेत बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

## कर्णेश्वर मेला में आयेंगे उड़ीसा व बस्तर के देव विग्रह

- 24 फरवरी से शुरू होगा मेला, तैयारी को लेकर ट्रस्ट की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी



कर्णेश्वर मेला महोत्सव का आयोजन 24 फरवरी से 28 फरवरी तक होगा। इस संबंध में सोमवार को कर्णेश्वर ट्रस्ट की बैठक हुई। ट्रस्ट अध्यक्ष विकल गुप्ता ने बताया कि पांच दिवसीय मेला महोत्सव को परम्परा के अनुसार करने का निर्णय लिया गया है। 23 फरवरी की शाम को कर्णेश्वर महादेव की पूजा अर्चना से मेला महोत्सव का शुभारंभ होगा। मध्य रात्रि से बालका व महानदी के संगम पर शाही पुन्नी स्नान होगा जिसमें सिहावा अंचल सहित उड़ीसा व बस्तर के देवी देवताओं का आगमन देव विग्रह समेत होगा । 24 फरवरी को पूर्णिमा स्नान व 25 फरवरी को मड़ई का आयोजन होगा। परम्परा अनुसार देवी देवता मेले की परिक्रमा इस दिन करेंगे। बैठक में मन्दिर परिसर में चल रहे विभिन्न विकास कार्यों पर चर्चा की गई। 22 जनवरी को अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 1100 दीप से मन्दिर प्रांगण को सजाने का निर्णय लिया गया। बैठक में संरक्षक कैलाश पवार, कोषाध्यक्ष निकेश ठाकुर, सचिव ललित शर्मा, सह सचिव रामभरोसे साहू, केएस श्रीमाली, रवि दुबे, प्रकाश बेश, नागेंद्र शुक्ला, मोहन पुजारी, गगन नाहटा, योगेश साहू, कलम सिंह पवार, भरत निर्मलकर, प्रताप सुरेशा, केआर बोरझरिया, पंकज ध्रुव, नन्द यादव, बंटी जैन, ललित निर्मलकर, महेंद्र कौशल, बबलू गुप्ता, होरी लाल पटेल, ईश्वर जांगड़े, डोमार मिश्रा, देवेंद्र साहू, तेजनाथ साहू, अकबर कश्यप, रामगोपाल साहू, रवि भट्ट, हनी कश्यप, मनोहर मानिकपुरी, छबि ठाकुर, दुर्गेश साहू, कौशल साहू,राकेश चौबे उपस्थित थे।

## लोकसभा की सभी सीट जीतने का लिया संकल्प

- भाजपा कार्यालय रायपुर में हुई अजजा मोर्चा की बैठक
- आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का किया सम्मान



हरिभूमि न्यूज ⏭ नगरी

विधानसभा चुनाव जीत के बाद भाजपा अजजा मोर्चा की प्रदेश कार्यसमिति की पहली बैठक भाजपा कार्यालय रायपुर में हुई।

अजजा मोर्चा जिला के जिलाध्यक्ष महेन्द्र नेताम ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में विभिन्न प्रस्ताव पारित किये गये। आगे बताया कि अजजा मोर्चा की आगामी राष्ट्रीय कार्यसमिति की बैठक नई दिल्ली में होगी जिसमें जिला एवं मंडल के पदाधिकारी भाग लेंगे। श्री नेताम ने बताया कि आदिवासी बाहुल्य ग्रामों, मजरा-टोलों में आदिवासी जन चौपाल लगाकर केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ लेने प्रचार-प्रसार किया जायेगा। तेन्दूपत्ता खरीदी पर मोदी गारंटी को बताया जायेगा। बैठक में छत्तीसगढ़ की सभी 11 लोकसभा सीट जीतने का संकल्प लिया गया। नमो एप्प डाऊनलोड कर 10 नये सदस्य बनाना है। 22 जनवरी को श्रीराम मंदिर उद्घाटन अवसर पर घरों, मंदिरों में दीप प्रज्ज्वलन, मिष्ठान्न वितरण कर खुशियां मनाई जायेगी। लोकसभा चुनाव हेतु मतदाता सूची में नाम जोड़वाने का काम किया जायेगा। बैठक में छत्तीसगढ़ के प्रथम आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नवनियुक्त भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव, आदिम जाति कल्याण मंत्री रामविचार नेताम का मोर्चा ने स्वागत किया। प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम ने स्वागत उद्बोधन दिया। बैठक में महामंत्री रामखिलावन कंवर, कार्यसमिति सदस्य झगेश्वर ध्रुव, भुवनेश्वर ध्रुव, टीकम कटारिया, हिरामन मरकाम, खूबलाल ध्रुव, ईश्वरी नेताम, अजय ध्रुव, सुरेन्द्र ध्रुव समेत धमतरी जिले के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## पाइप लाइन लीकेज की अब तक रिपेयरिंग नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ धमतरी

रूद्री रोड में लक्ष्मी निवास चौक के पास बड़ी पाइप लाइन की रिपेयरिंग अभी तक नहीं हो पाई है। सड़क की खुदाई करने व नाली निर्माण की वजह से रूद्री रोड में हर पल जाम लग रहा है। गड्ढे की वजह से हमेशा खतरा बना हुआ है, जिससे रहवासी भी परेशान हैं।

नगर निगम के इंजीनियर कामता नागेंद्र ने बताया कि खुदाई के बाद उक्त जगह को कांक्रीट से भरा गया था, लेकिन वह टूट गया है। इसकी जानकारी होने पर मंगलवार 8 जनवरी से काम लगाया जा रहा है। इसके बाद गड्ढे को पाट दिया जाएगा।

विदित हो कि लक्ष्मीनिवास चौक के पास से बड़ी पाइप लाइन निकली हुई है। यह पाइप लाइन सड़क के नीचे है। दीपावली के बाद चौक के आगे एक डेयरी फार्म के पास लीकेज चालू हो गया था। रिपेयरिंग करने के बाद कांक्रीटीकरण किया गया। कुछ दिनों के बाद लीकेज फिर से चालू हो गया। इसके लिए लंबी चौड़ी खुदाई की गई जिसकी अब तक रिपेयरिंग नहीं की गई है। इसके अलावा पास में ही नाली निर्माण का कार्य किया जा रहा है जिसकी वजह से सड़क आधी हो गई है। इस रोड से आवागमन करने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। लोग खतरे के साये में आना- जाना कर रहे हैं। रात के अंधेरे में कभी भी दुर्घटना हो सकती है।

वार्डवासी देवनाथ साहू, एकल ध्रुव, नरोत्तम साहू का कहना है कि इस मार्ग से कोर्ट, कलेक्टोरेट, जिला पंचायत, जनपद पंचायत, एसपी आफिस, गर्ल्स कालेज, रूद्री ग्राम पंचायत के लिए हजारों लोगों का आना-जाना लगा रहता है। सुबह से लेकर रात तक इस मार्ग में भीड़ रहती है। ऐसे में गड्ढे के कारण कभी भी दुर्घटना हो सकती है। गड्ढे की वजह से इस स्थान पर हर पल जाम जैसी स्थिति बनी रहती है। लोगों ने अतिशीघ्र रिपेयरिंग कराने की मांग नगर पालिक निगम से की है।

### सिर्री में श्रीमद्भागवत सप्ताह 14 जनवरी से

**सिर्री।** मानस मर्मज्ञ रामेश्वर प्रसाद सिन्हा और द्वारिका प्रसाद सिन्हा परिवार द्वारा इस वर्ष भी श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञानयज्ञ का आयोजन 14 से 22 जनवरी तक ग्राम सिर्री के बाजार चौक में किया गया है। आयोजन का यह 13वां वर्ष है। 14 जनवरी को शुभारंभ पर कलश यात्रा निकाली जाएगी जिसमें महिलाएं, युवतियां शामिल होंगी। कलश यात्रा पूरे ग्राम का भ्रमण कर वापस कथास्थल पहुंचेगी। श्रीमद्भागवत कथा के व्यास पीठाधीश आचार्य पंडित झम्मन प्रसाद शास्त्री होंगे जो मानस केसरी पंडित प्रमोद शास्त्री महाराज के अनुज हैं। परायणकर्ता पंडित श्रीकांत पाठक होंगे। वेदी पूजन पंडित गोविंद दुबे करायेंगे। भागवत कथा का रसपान श्रद्धालु सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक और दोपहर 3 बजे से शाम 5 बजे तक कर पाएंगे। श्रीमद्भागवत ज्ञानयज्ञ सप्ताह में श्रद्धालु गौकर्ण माहत्य, परीक्षित जन्म, वराह अवतार, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, समुद्र मंथन, वामन अवतार, श्रीकृष्ण जन्म, रूखमणी विवाह, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष कथा का श्रवण करेंगे। 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की जन्मभूमि अयोध्या में भगवान श्रीराम की प्राण -प्रतिष्ठा के शुभ दिवस पर गीतासार श्रवण, हवन पूजन पश्चात श्रद्धालुओं को महाप्रसादी का वितरण किया जायेगा। कार्यक्रम की तैयारी में सिन्हा परिवार, सत्संग समिति सहित अनेक ग्रामवासी जुटे हुए हैं।

Health Town

यशवंत एवं श्री धनवन्तरी हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
- Revision TKR,THR
- जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी (TKR,THR)
- अत्याधुनिक ऑपरेशन थियेटर एवं उपकरण
- विशेष अर्थराइटिस क्लीनिक

सुबह 10.30 to 2.30pm., सायं 7.00 to 8.30pm.
तात्यापारा चौक, जी.ई.रोड,रायपुर (छ.ग.) फोन: 0771-2234153,4074154
8817428621,6265421645

मिरैकल्स होम्योपैथी हॉस्पिटल
छत्तीसगढ़ में प्रथम होम्योपैथी मेडिसीन पर एम.डी.
डॉ. ए.के. चौरसिया (एम.डी)
पोस्ट द्वारा दवाईयां उपलब्ध
जर्मन दवाईयों द्वारा उपचार
छत्तीसगढ़ में होम्योपैथी की वरिष्ठ चिकित्सा, प्रोफेसर महाराणा प्रताप कॉलेज, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9406004581
मो. 7869048192
अग्रिम रजिस्ट्रेशन

जड़ से इलाज
ठण्ड पर जोड़ो पर दर्द, गठियावात, नशों में दर्द का संपूर्ण निदान।
L4-L5 नशों में दबाव, शून्यपन, सयाटिका, दोनों पाव पर दर्द, अकड़न।
घुटना - घुटने पर सूजन, दर्द, ज्यादा चलने पर बैठकर उठने पर दर्द, ऐड़ी, कंधा, कोहनी, गर्दन दर्द का संपूर्ण निदान।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें: 0771-4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### मड़ेली में मड़ई 23 को

**जीजामगांव।** ग्राम पंचायत मड़ेली में 23 जनवरी मंगलवार को मड़ई का आयोजन किया गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन के लिए संगी जहुरिया छत्तीसगढ़ी लोक नाचा पार्टी ग्राम बिलईडबरी जिला बलौदाबाजार की मनमोहक प्रस्तुति होगी। यह जानकारी सरपंच लक्ष्मीनारायण साहू ने दी है।

### जिले में आज लगेंगे संकल्प शिविर

**धमतरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत 9 जनवरी को जिले के चारों विकासखण्ड के 12 गांवों में संकल्प शिविर लगाये जायेंगे। इनमें धमतरी विकासखण्ड के शंकरदाह, बरारी, संबलपुर, भंवरमरा, कुरूद विकासखण्ड के कातलबोड़, मंदरौद, मगरलोड विकासखण्ड के सरगी, लड़ेर और नगरी विकासखण्ड के सेमरा, सलौनी, कोंगेरा तथा दरगहन में संकल्प शिविर आयोजित किये जायेंगे।

### उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए आवेदन मंगाए

**धमतरी।** कुरूद विकासखंड के ग्राम नारधा में उचित मूल्य दुकान संचालन के लिए 15 जनवरी तक सहकारी समिति, महिला स्व-सहायता समूह एवं स्थानीय निकाय से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद ने बताया कि विकासखण्ड मगरलोड के ग्राम पंचायत कपालफोड़ी अन्तर्गत राशन दुकान सचालित है। शासकीय उचित मूल्य की दुकान कफालफोड़ी में ग्राम पंचायत डूमरपाली के आश्रित ग्राम नारधा का 201 राशन कार्ड संलग्न है। ग्राम नारधावासी ग्राम कपालफोड़ी से 3 किलोमीटरी की दूरी होने से राशन उठाव में असुविधा महसूस कर रहे हैं और ग्राम नारधा में ही उचित मूल्य की दुकान खुलवाने की मांग की। राशन कार्डधारियों की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए एक नवीन शासकीय उचित मूल्य की दुकान स्वीकृत किया गया है। ऐसी संस्था जो उचित मूल्य दुकान के संचालन हेतु इच्छुक हैं, निर्धारित प्रपत्र में सहपत्रों के साथ 15 जनवरी तक अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुरूद कार्यालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत अवधि के बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

### हितग्राहियों को गैस सिलेंडर का वितरण

**नगरी।** केंद्र सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायतवार विकसित भारत संकल्प यात्रा पहुंच रही है। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं को लोगों से जोड़ने का काम किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत उमरगांव में संकल्प यात्रा पहुंची और लोगों को सरकार की योजनाओं से रुबरु कराया। कार्यक्रम स्थल में उज्ज्वला योजना क तहत गैस सिलेंडर का वितरण किया गया। प्रधानमंत्री आवास योजना का फार्म भरवाया गया एवं राशनकार्ड संबंधी, आधारकार्ड विभिन्न कार्य किए गए। मौके पर हुमित लिमजा जनपद उपाध्यक्ष, अकबर कश्यप मंडल अध्यक्ष, मनोहर मानिकपुरी महामंत्री, मोहन पुजारी सांसद प्रतिनिधि, सुरेश मरकाम सरपंच, ठाकुरराम, कृष्ण मारकोले, चन्द्रभान यादव, पूनम कश्यप, बेददास मानिकपुरी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### नवागांव कंडेल में विकसित भारत संकल्प शिविर लगा

**धमतरी।** शुक्रवार को ग्राम नवागांव कंडेल में विकसित भारत संकल्प यात्रा का रथ पहुंचा। दोपहर 2 बजे से 5 बजे तक केंद्र सरकार की विभिन्न लाभकारी योजनाओं का क्रियान्वयन तथा जानकारी दी गई। इस दौरान योजना से लाभार्थी लोगों ने अपना अनुभव शेयर किया। संकल्प यात्रा शिविर के मुख्य अतिथि यतीशभूषण श्रीवास्तव ने शिविर को संबोधित करते हुए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी। उज्ज्वल योजना, पीएम आवास हितग्राही, आयुष्मान कार्ड से लाभान्वित लोगों ने योजनाओं से मिले लाभ का अनुभव बताया।

21 महाविद्यालय के 46 खिलाड़ियों ने दिखाई प्रतिभा

# अंतरमहाविद्यालयीन कराते में लड़कियों ने दिखाया जौहर







हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी


- कराते आत्मरक्षा का खेल : शशि

स्थानीय गर्ल्स कॉलेज में सोमवार को अंतर महाविद्यालीयन कराते स्पर्धा का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न कॉलेज के खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपना हुनर दिखाया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष शशि पवार थे। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि कराते आत्मरक्षा का खेल है। प्राचीन काल में गुरू परंपरा में इसे आत्मरक्षा के रूप में शामिल किया गया था। अन्याय के खिलाफ लड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाता था। अध्यक्षता प्राचार्य डीआर चौधरी ने की। विशिष्ट अतिथि जिला भाजपा उपाध्यक्ष अरविंदर मुंडी, कविन्द्र जैन थे।

प्रतियोगिता में 21 महाविद्यालय के 46 खिलाड़ियों ने भाग लिया है, जिसमें महिला वर्ग के काता में प्रथम रिया फुटान कन्या कॉलेज धमतरी, द्वितीय किरण साहू जीएनएम कॉलेज भाटापारा, अंडर 50 किग्रा में प्रथम श्रद्धा भागड़कर विप्र कॉलेज रायपुर, द्वितीय हर्षिता सोनकर कन्या कॉलेज धमतरी। 55 किग्रा में प्रथम पूजा साहू नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर, द्वितीय अंजलि निषाद विप्र कॉलेज रायपुर, 61 किग्रा में प्रथम काजल कुर्रे डिग्री कॉलेज रायपुर, पुरूष में काता वर्ग में प्रथम विवेक कुमार छग कॉलेज रायपुर, द्वितीय सूरज धृतलहरे सेठ फूलचंद कॉलेज नयापारा, पुरूष वर्ग 60 किलोग्राम में प्रथम भुनेश्वर साहू विप्र कॉलेज रायपुर, द्वितीय सूरज गिलहरे सेठ फूलचंद कॉलेज नवापारा, 67 किग्रा में प्रथम शुभम देवांगन रविवि रायपुर, द्वितीय भुनेश्वर वर्मा विप्र कॉलेज रायपुर, 75 किग्रा में प्रथम लालू सोनवानी एमबीपीजी कॉलेज महासमुंद, द्वितीय रविकुमार नेताजी सुभाष कॉलेज अभनपुर रहे।

इस अवसर पर बीथिका विश्वास, विजय साहू, एआर थिटे, डॉ. रोहिणी मरकाम, डॉ. जेएल पाटले, ओपी चंदे, डॉ. देवाशीष हाजरा, विकास साहू, शिवकुमार पांडे, कर्मिष्ठ संभाकर, वीरेन्द्र जांगड़े, मुकेश सिन्हा, मनोहर कुमार, श्याम यादव, विजय शर्मा, इंद्राणी सोनकर, देवेन्द्र प्रहलाद, सुब्बु दास मानिकपुरी, अश्वनी लोधी, नीरज शुक्ला, विनोद उपाध्याय, अशोक सिन्हा, चन्द्रशेखर बांधे मौजूद थे।

## थ्रीडी रंगोली से बनाया भगवान राम का चित्र





**मगरलोड।** अयोध्या में बन रहे राम मंदिर में 22 जनवरी को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरे देश के साथ प्रदेश में भी उत्साह का माहौल है। पूरा वातावरण राममय हो गया है। इसकी शानदार झलक रेनबो इंग्लिश मीडियम स्कूल करेली छोटी द्वारा खेल मैदान मेघा में आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक समारोह /"स्पंदन 2024/" में भी देखने को मिली। बच्चों ने भक्ति गीत पर नृत्य की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में थ्री डी रंगोली आर्ट से भगवान राम की अद्भुत और आकर्षक रंगोली बनाई जो आकर्षण का केंद्र रही। ज्ञात हो कि ग्राम हीरा गाड़ाडीह निवासी अवधराम कंवर को थ्रीडी रंगोली बनाने की कला में महारथ हासिल हैं। उन्होंने इंदिरा कला एवं संगीत महाविद्यालय से शिक्षा प्राप्त की है। उनकी इस उपलब्धि के लिए उन्हें कई सम्मान से नवाजा जा चुका है। स्कूल के संचालक पारख दास मानिकपुरी के विशेष आग्रह पर उन्होंने यह रंगोली बनाई थी। उनके द्वारा समय-समय पर बच्चों को प्रशिक्षण और मार्गदर्शन भी दिया जाता है।

## बौद्ध सामाजिक भवन में बोर खनन पेवर ब्लाक के लिए हुआ भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

भारतीय बौद्ध महासभा केजिला अध्यक्ष पालनहार मेश्राम के नेतृत्व में दानीटोला बौद्ध सामाजिक भवन में बोर खनन तथा पेवर ब्लॉक का भूमिपूजन किया गया। श्री मेश्राम ने बताया कि बोर हो जाने के बाद सामाजिक कार्यक्रम तथा अन्य कार्यक्रम में पानी की जरूरत को आसानी से पूरा किया जा सकेगा। पेवर ब्लॉक लगने के बाद सामाजिक भवन को नया रूप मिलेगा। इस दौरान डीपेंद्र साहू पूर्व जनपद सदस्य, विजय साहू शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष, दानीटोला वार्ड पार्षद अज्जू देशलहरे, आलोक जाधव, लालाराम वैद्य, बीआर कुटारे, दिनेश रामटेके, संतोष नंदेश्वर, अशोक मेश्राम, संजय गजभिए, ललित उइके उपस्थित थे। यह जानकारी भारतीय बौद्ध महासभा के मीडिया प्रभारी श्रवण रंगारे और खगेंद्र कुटारे ने दी।

## सोरम सरपंच के खिलाफ अनियमितता का आरोप



- सौ से अधिक संख्या में पहुंचे ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन
- ससुर, देवर, नौकर के नाम से लाखों रूपये का आहरण करने की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

ग्राम पंचायत सोरम में सरपंच के कथित भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीण आंदोलित हो गए हैं। ससुर, देवर, नौकर तथा स्वयं के नाम से लाखों रूपये के आहरण की शिकायत कर सरपंच को धारा 40 के तहत पदमुक्त करने के लिए ग्रामीणों ने आवाज बुलंद की है।

धमतरी से 7 किमी दूर ग्राम पंचायत सोरम में सरपंच की कार्यशैली से ग्रामीण नाराज है। ग्रामीण राजेंद्र साहू, रामकृष्ण साहू, गोविंद, महावीर, बिसेलाल, ललित, मनीराम, विशेषर, जीवन, सतीश, थानू सहित सौ से अधिक ग्रामीणों ने कलेक्टोरेट के सामने हल्ला बोला। ग्रामीणों ने कलेक्टर के नाम सौंपे ज्ञापन में कहा है कि सरपंच ने सन 2021-22 जून माह में कैशबुक में सुधार किया है जिसकी जानकारी ई-ग्राम स्वराज पोर्टल से मिली है। उक्त दस्तावेज में 1 जून 2021 को 13 बजार कैशबुक सुधारा गया है जिसकी राशि 23 लाख रूपए से अधिक है। इसमें कैश रिकार्ड क्रमांक नहीं है। सुधार कार्य के लिए किसे भुगतान किया गया है, उसका भी उल्लेख नहीं है। नकद भुगतान 6.36 लाख, बैंक भुगतान 16.70 लाख किसे किया गया है, उल्लेख नहीं है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने कहा है कि सरपंच द्वारा किया गया कृत्य पंचायत राज अधिनियम का घोर उल्लंघन है। फर्जी तरीके से किए गए आहरण की उच्चस्तरीय जांच की जाए। जांच पूर्ण होने तक बैंक खाता से राशि आहरण पर प्रतिबंध लगाने तथा धारा 40 के अंतर्गत सरपंच को पदमुक्त करने की मांग की है।

## मार्निंग इलेवन, नवरंग व सीए इलेवन ने जीते मैच



- पीजी कालेज मैदान में कार्पोरेट प्रीमियर लीग का छाया रोमांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶धमतरी

स्थानीय पीजी कालेज क्रिकेट स्टेडियम में 6 जनवरी से धमतरी कार्पोरेट स्तरीय रात्रिकालीन टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया है। प्रथम दिन सेरेमनी कार्यक्रम के बाद दूसरे दिन के तीन मैच खेले गए। प्रथम मैच शाम 6.30 बजे टेलीकाम आर्मी विरूद्ध मार्निंग इलेवन के बीच हुआ, जिसमें मार्निंग इलेवन ने 11 रन से मैच जीता। दूसरा मैच रात्रि 8 बजे धमतरी चेंबर आफ कामर्स तथा नवरंग टीम के बीच खेला गया, जिसमें नवरंग टीम 8 विकेट से मैच जीती। अंतिम मैच रात्रि 9.30 बजे सीए इलेवन और मोबाइल इलेवन के बीच हुआ, जिसमें सीए इलेवन ने 27 रन से जीत हासिल की। इस अवसर पर मिहिर पटेल, निशिथ पटेल, सौरभ नंदा, सतराम वासानी, सकुश गुप्ता, अजय बाबर, विपिन पटेल, अरूण पटेल, प्रकाश सिंग सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

# मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का हो रहा है पुनर्जागरण : अजय





हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरूद

केंद्र सरकार की योजनाओं से प्रत्येक नागरिक की जीवन शैली आसान और सशक्त हो, ऐसा नेतृत्व देश को मिला है। मोदी जी के नेतृत्व व महान संकल्पना से देश विकसित भारत बनने की ओर अग्रसर है। साथ ही सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। हम सब अपनी नागरिक जिम्मेदारी का निर्वहन कर भारत को महाशक्ति के रूप में खड़ा करने में अपना योगदान दें।

सोमवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का वाहन कुरुद विकासखंड के अंतिम छोर के गांव जोरातराई (सि) पहुंचा। यहां आयोजित कार्यक्रम में विभन्नि सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाकर जनता को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। नवनिर्मित बाजार शेड में आयोजित शिविर में ग्रामवासियों को हमारा संकल्प विकसित भारत की शपथ दिलाई गई।

कार्यक्रम में बतौर अतिथि पहुंचे कुरूद विधायक चंद्राकर ने ऑनलाइन वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़कर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा योजनाओं से जुड़ी जमीनी हकीकत से रूबरू होने लाभार्थियों से की गई चर्चा को सुना व देखा।

इससे पहले उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को संबोधित किया।

इस अवसर पर भाजपा नेता भीम साहू, आनंद यदु, भूपेन्द्र चंद्राकर, सरपंच सविता चोवाराम गंजीर, खिलेश्वरी निषाद, गीतेश्वरी साहू, भोलाराम साहू, लोकनाथ साहू, तेजराम, भानुराम, यीशु साहू, लेखराम सिन्हा, भावप्रकाश साहू, दानीराम, भूपेंद्र, टोप सिंह, पीलूराम, दिलीप, पुनारद, बीरबल, रमेश, गंगा, मोना, लक्ष्मी के अलावा ब्लाक स्तर के अधिकारी, कर्मचारी व बड़ी संख्या में महिला समूहों की सदस्य व ग्रामीण उपस्थित थे।

## जोरातराई (सि) में आयोजित हुआ विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर

### भारत को विश्व गुरु बनाने सभी जिम्मेदारी निभायें

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए विधायक श्री चंद्राकर ने कहा कि पिछले 15 साल के भाजपा शासनकाल में आपके गांव का कायाकल्प हुआ है। पहले और अब के जोरातराई में काफी बदलाव दिखा है। मूलभूत सुविधाओं के सारे काम हो चुके हैं। अब प्रधानमंत्री मोदी ने सुनिश्चित किया है कि गरीबों और वंचितों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले और देश विकसित हो। यह तभी संभव होगा जब हम भी अपनी नागरिक जिम्मेदारी निभायें। ताकि भारत फिर से विश्व गुरु के रूप के उभरे और भारत 2047 तक विकसित भारत बन सके।

### 22 जनवरी को फिर मनाएं दिवाली

अजय चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण हो रहा है। मोदी जी ने अपने प्रयासों से सनातन संस्कृति के प्रतीकों के प्रति एक नई सोच, उत्साह और प्रेरणा देने का काम किया है, जो देश को जोड़ता है। समानता का सेतु बनाता है। 22 जनवरी को अयोध्या में नव निर्मित भव्य राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम पूरी दुनिया के लिए एक मिसाल बनकर सामने आएगा। देश भर में इस दिन को लेकर लोग अपने-अपने तरीके से तैयारी कर रहे हैं। आप सब भी अपने घर, आंगन, गांव, गली के साथ मंदिरों की साफ सफाई करें। इस दिन दीपोत्सव मनायें।

## आत्मानंद स्कूल के मध्यान्ह भोजन कक्ष से अनाज की चोरी



**भखारा।** नगर पंचायत भखारा में संचालित स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल के मध्यान्ह भोजन कक्ष से रविवार की रात्रि अज्ञात चोरों ने चावल, दाल, तेल, सोयाबीन बड़ी की चोरी की गई है। कन्या शाला के सभी कक्ष के तालों को भी तोड़ दिया गया है। नगर पंचायत भखारा में इन दिनों चोरी की घटनाएं बढ़ गई हैं। चोरों को कानून का डर नहीं है। स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के भोजन पर डाका डालने वाले इन चोरों के हौसले काफी बुलंद हैं। लगातार तीन दिनों तक चोरी की घटना इस विद्यालय में घटी है। घटनास्थल तरफ कैमरे की व्यवस्था नहीं है। लाइट भी नहीं है। चोरों ने काफी कुशलतापूर्वक चोरी की है। स्थानीय लोगों का मानना है कि नगर में फलफूल रहे कबाड़ी व्यापारी, घुमंतू प्रजाति के लोगों एवं नशापान में सलिप्त नशाखोरों ने इस घटना को अंजाम दिया होगा। इस संबंध में हाईस्कूल के प्राचार्य एवं शाला विकास समिति की अध्यक्ष संतोषी निषाद ने बताया कि लगातार तीन दिनों से चोरी की घटना हो रही है। इसकी सूचना पुलिस थाने में दी जा चुकी है।

## 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग





**धमतरी।** अध्योया में भगवान श्रीराम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव 22 जनवरी को धूमधाम से मनाया जाएगा। इससे धमतरी में भी सर्व समाज में अपार खुशी है। भाजपा मंडल अध्यक्ष मुरारी यदु व भाजपा मंडल महामंत्री अमन राव ने 22 जनवरी को अवकाश घोषित करने की मांग मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से की है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम हमारे आराध्य देव हैं। यह महोत्सव महामहोत्सव नहीं है, जिसका आनंद केवल एक दिन में नहीं लिया जा सकता। यह हमारी भावना है कि 20 जनवरी शनिवार से लेकर 26 जनवरी शुक्रवार तक रामलला की प्राण प्रतिष्ठा एवं गणतंत्र दिवस तक राष्ट्रीय महामहोत्सव सप्ताह के रूप में मनाया जाये। इसके लिए केंद्र सरकार की ओर से 22 जनवरी को अवकाश दिवस घोषित किया जाए।







